Title: Demand to allocate 30 kg of grain and issue red ration card to the persons below poverty line under the Targeted Public Distribution System (PDS) in Bihar.

श्री नवल किशोर राय (सीतामढ़ी) : अध्यक्ष महोदय, हम आपके माध्यम से सरकार का ध्यान पी.डी.एस. की ओर खींचना चाहते हैं। गरीबी रेखा से नीचे जीवन बसर करने वाले व्यक्तियों को पी.डी.एस. प्रणाली में लाल कार्ड के तहत १० किलो अनाज आधी कीमत पर देने की बहुत महत्वपूर्ण योजना सरकार ने चलाई है, जो गरीबों के हित की योजना है। परन्तु एक परिवार के लिए १० किलो अनाज का कोई मतलब नहीं है।

... (व्यवधान)

1222 hours

(At this stage, Shrimati Sonia Gandhi, and some other hon. Members

left the House.)

श्री नवल किशोर राय : मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि १० किलो अनाज के टारगेट को बढ़ाकर ३० किलो अनाज प्रति परिवार प्रति माह मुहैया कराने की व्यवस्था की जाये। बिहार सर्वाधिक गरीब राज्य है। वहां ५६ फीसदी लोग गरीबी रेखा से नीचे रहते हैं। लेकिन बिहार सरकार लाल कार्ड बनाने में भेदभाव कर रही है और जिनके पास लाल कार्ड है, उनको भी अनाज नहीं मिला। जिनका लाल कार्ड बनना चाहिए, उनका नहीं बनाया गया है।

... (व्यवधान)
बिहार, बंगाल और उड़ीसा को टारगैटेड पी.डी.एस. में स्पेशल कैटेगिरी में लेकर बिहार के संबंध में भारत सरकार सीधे सभी गरीबों को लाल कार्ड उपलब्ध कराये और १० किलो अनाज को बढ़ाकर ३० किलो कराए। ... (व्यवधान)